## संपादकीय

# हॉन्ग कॉन्ग का हंगामा

हॉन्ग कॉन्ग में कोई दो महीने से लाखों लोग सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने हॉन्ग कॉन्ग हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन ठप कर दिया जिससे दुनिया भर में सनसनी फैल गई। वहां हंगामे की जड़ में है प्रत्यर्पण विधेयक, जिसमें प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति चीन में अपराध करके हॉन्ग कॉन्ग में शरण लेता है तो उसे जांच प्रक्रिया में शामिल होने के लिए चीन भेज दिया जाएगा। यह बिल पास हुआ तो चीन को उन क्षेत्रों में भी संदिग्धों को प्रत्यर्पित करने की अनुमति मिल जाएगी, जिनके साथ हॉन्ग कॉन्ग के समझौते नहीं हैं। जैसे आरोपित व्यक्ति को ताइवान और मकाऊ में भी प्रत्यर्पित किया जा सकेगा। जून में इस बिल को पास करने की कोशिश की गई तो इसका जबरदस्त विरोध शुरू हो गया।

हॉन्ग कॉन्ग की चीफ एक्जिक्यूटिव कैरी लैम ने जनता के भारी विरोध को देखते हुए 15 जून को बिल को अस्थायी रूप से निलंबित करने का ऐलान किया। लेकिन आंदोलनकारियों की मांग बिल को सिरे से रद्द करने की है। उनकी दलील है कि इसके पास होने का अर्थ होगा हॉन्ग कॉन्ग के लोगों पर चीनी कानून लागू होना, जिसके बाद चीन मनमाने ढंग से लोगों को हिरासत में लेगा और यातनाएं देगा। हॉन्ग कॉन्ग सरकार का कहना है कि नया कानून केवल गंभीर अपराध करने वालों पर ही लागू होगा और इसे पारित नहीं किया गया तो हॉन्ग कॉन्ग अपराधियों का अड्डा बन जाएगा। यह भी कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया बोलने और प्रदर्शन करने की आजादी से जुड़े मामलों में नहीं अपनाई जाएगी। लेकिन लोग मानने के लिए तैयार नहीं हैं और अब तो वे सीधे कैरी लैम का इस्तीफा मांगने लगे हैं।

कैरी लैम की छवि हॉन्ग कॉन्ग की राजनीति में चीन समर्थक नेता की है। 1997 में ब्रिटेन और चीन के बीच हुए समझौते से चीन को अपना यह पुराना द्वीप वापस मिला। समझौते में 'एक देश-दो व्यवस्था' की अवधारणा के साथ हॉन्ग कॉन्ग को अगले 50 वर्षों के लिए अपनी स्वतंत्रता के अलावा सामाजिक, कानूनी और राजनीतिक व्यवस्था भी बनाए रखने की गारंटी दी गई है। विदेश और रक्षा को छोड़कर अन्य सारे अधिकार उसे मिले हैं। इससे हॉन्ग कॉन्ग चीन का विशेष प्रशासनिक क्षेत्र बन गया है, जिसके पास अपनी बहुदलीय व्यवस्था है। अपने विशेषाधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हॉन्ग कॉन्ग के पास अपना एक छोटा संविधान है, जिसे बेसिक लॉ कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वभौमिक मताधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जरिए अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी चुनना है। लेकिन निर्धारित चयन प्रक्रिया का ठीक से पालन नहीं हो रहा है और चीन अपने मनपसंद लोगों को इस पद पर बिठाने में सफल हो जा रहा है। शी चिन फिंग के आने के बाद से हॉन्ग कॉन्ग पर चीन का नियंत्रण बढ़ा है और उसकी स्वायत्तता में सेंध लग रही है, जो वहां के लोकतंत्र समर्थकों को मंजूर नहीं है। यह रस्साकशी क्या रूप लेती है, इस पर पूरी दुनिया की नजर है।

# एलजीबीटीक्यू यूट्यूबर्स ने भेदभाव को लेकर प्लेटफार्म पर किया मुकदमा

**सैन फ्रांसिस्को ।** एलजीबीटीक्यू यूट्यूबर्स के एक समूह ने वीडियो शेयररिंग प्लेटफार्म और उसकी पैरेंट फर्म गूगल पर घृणा फैलाने वाले कंटेंट के खराब मॉडरेशन और एलजीबीटीक्यू क्रिएटर्स के वीडियो को गलत तरीके से प्रतिबंधित करने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।




सीएनईटी में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया, केलिफोर्निया के उत्तरी जिले में अमेरिकी जिला न्यायालय में दाखिल इस मुकदमे के मुताबिक, साल 2016 से ही यूट्यूब और गूगल गैरकानूनी कंटेंट विनियमन, वितरण, और विमुद्रीकरण में लिप्त रही है, जिससे एजीबीटीक्यू प्लस वादियों और संपूर्ण एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय को कलंकित, प्रतिबंधित, ब्लॉक करना, निंदा करना और वित्तीय रूप से हानि पहुंचाया जा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया कि एक यूट्यूबर ने साइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस मुकदमे की जानकारी देते हुए कहा, उन्होंने हमारे गौरव को छीन लिया, उन्होंने हमें विज्ञापन खरीदने की अनुमति नहीं दी, उन्होंने हमें बाधित किया। उन्होंने हमें मुद्रीकरण करने से रोका, और वे हमारे समर्थन में खड़े नहीं हुए।

इन क्रिएटर्स में ब्रिया काम और क्रिसी चेम्बर्स ऑफ ब्रियाएंडक्रिसी शामिल है। क्रिसी चेम्बर्स ऑफ ब्रियाएंडक्रिसी का एलजीबीटीक्यू दर्शकों के लिए एक चैनल है, जिनका दावा है कि यूट्यूब ने गलत तरीके से उनके वीडियो को प्रतिबंधित कर दिया, इसलिए उसे देखने वालों की संख्या सीमित हो गई और वे इससे जितने पैसे कमा सकते थे, नहीं कमा पाए।

# पृथ्वीराज शॉटगन विश्व कप में छठे स्थान पर



**नईदिल्ली।** भारत के पृथ्वीराज टोन्डाईमान ने फ़िनलैंड के लाहिति में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन चौथे और अंतिम चरण के टूर्नामेंट में गुरूवार को पुरुष ट्रैप स्पर्धा के क्वालीफायर के पहले दिन 47 का स्कोर किया और वह छठे स्थान के बाद सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं।

प्रतियोगिता में अगले एक सप्ताह में पांच फाइनल होंगे जिसमें 2020 में होने वाले टोक्यो ओलम्पिक के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। पृथ्वीराज के 22 और 25 के राउंड रहे। इस स्पर्धा में तीन और चालीफाइंगराउंड होंगे और फाइनल शनिवार को होगा। कीनन चेनाई 45 के स्कोर के साथ 43वें स्थान पर हैं जबकि मानवजीत सिंह संधू स्पर्धा को पूरा नहीं कर पाए। माल्टा के विलियम चेटकटी 48 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। महिला ट्रैप स्पर्धा में शगुन चौधरी दो राउंड में 44 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर हैं जबकि सीमा तोमर 40 के स्कोर के साथ 35वें और मनीषा कीर 36 के स्कोर के साथ 54वें स्थान पर हैं। महिला ट्रैप का फाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा।

# 18 अगस्त तक बंद रहेंगे हीरो मोटोकॉर्प के विनिर्माण संयंत्र




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने चार दिनों के लिये विनिर्माण संयंत्रों को बंद किया है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसके विनिर्माण संयंत्र 15 अगस्त से बंद हैं और ये 18 अगस्त तक बंद रहेंगे। उसने कहा कि सालाना अभ्यास तथा मौजूदा मांग के हिसाब से विनिर्माण का समायोजन करने के लिये ऐसा किया गया है। कंपनी ने कहा, ''यह स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और सप्ताहांत के कारण सालाना अवकाश का भी हिस्सा है लेकिन आंशिक तौर पर यह नरम पड़ती बाजार मांग का भी संकेत देता है।'' उल्लेखनीय है कि वाहनों की मांग में नरमी के कारण विभिन्न वाहन निर्माता कंपनियां उत्पादन कम कर रही हैं।

# आईएलएंडएफएस की प्रमुख समितियों की बैठक वर्षो तक नहीं हुई : आरबीआई



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की जांच में उजागर हुआ है कि संकटग्रस्त आईएलएंडएफएस के पूर्व प्रबंधन ने कुछ प्रमुख समितियों ने पिछले कुछ सालों के दौरान कोई बैठक नहीं की। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) सेक्टर में तरलता की कमी के साथ-साथ आईएलएंडएफएस का संकट उजागर होने के बाद से अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है।

आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ सालों के दौरान आईएलएंडएफएस की प्रमुख समितियों की कोई बैठक नहीं हुई। रिपोर्ट के अनुसार, आईएलएंडएफएस की रिस्क मैनेजमेंट कमेटी और इन्वेस्टमेंट रिव्यू कमेटी की बैठक करीब तीन साल तक नहीं हुई।

आरबीआई ने कहा, रिस्क मैनेजमेंट कमेटी की बैठक करीब तीन साल तक नहीं हुई और रिस्क मैनेजमेंट संबंधी कोई उपाय नहीं किया गया। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पांच अक्टूबर 2015 के बाद इन्वेस्टमेंट रिव्यू कमेटी की भी बैठक नहीं हुई।

# लोंजा इंडिया का लक्ष्य 15 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** स्विटजरलैंड की फार्मा और उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा एकीकृत समाधान प्रदाता लोंजा की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय सहयोगी कंपनी लोंजा इंडिया का कहना है कि उसका लक्ष्य 15 फीसदी सालाना की वृद्धि दर हासिल करना और साल 2024 तक अपने भारतीय कारोबार को दुगुना करना है। कंपनी ने अपना कार्पोरेट कार्यालय बुधवार को गुरुग्राम में खोला। भारत को एक रणनीतिक बाजार बताते हुए लोंजा इंडिया के प्रबंध निदेशक दीपक सूद ने एक बयान में कहा, हमारी गतिविधियों में दुनिया भर में हमारे विनिर्माण संयंत्रों के लिए रणनीतिक साझेदारों से सोर्सिंग भी शामिल है। कंपनी फार्मा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जैसे सिप्ला, सन, ऑरोविन्दो, डीआरएल, हिमालय, पतंजलि और डाबर के लिए भी काम करती है। सूद ने कहा, जीव विज्ञान लोंजा का एक और प्रमुख क्षेत्र हैं, जहां हम आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी), जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी), एनआईआई (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्युनोलॉजी), आईसीजीईबी (इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजिनियरिंग एंड बॉयोटेक्नोलॉजी) जैसे शोध संस्थानों और बक्स्टर, ब्राउन जैसी मेडिकल डिवाइस कंपनियों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के ट्रेनिंग कैम्प में मिस्बाह संभालेंगे कमान



**लाहौर ।** पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के 17 दिनों के शिविर के लिए कैम्प कमांडेंट बनाया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सीजन से पहले यह शिविर आने वाले घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले टूर्नामेंट्स की चुनौती की तैयारी के लिए आयोजित किया गया है। पाकिस्तान का घरेलू सीजन संभवतः 12 सितंबर से कैद-ए-आजम ट्रॉफी से शुरू होगा।

इस शिविर के लिए 14 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी और छह अतिरिक्त खिलाड़ी बुलाए गए हैं जो लाहौर स्थित राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनसीए) में 19 अगस्त को पहुंचेगे। दो दिन के फिटनेस टेस्ट के बाद शिविर 22 अगस्त से शुरू होगा और सात सितंबर तक चलेगा। मिस्बाह इस शिविर का ट्रेनिंग प्रोग्राम बनाएंगे।

पीसीबी ने फैसला किया है कि वह कोच मिकी आर्थर और पूरे कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल नहीं बढ़ाएगी। मीडिया में ऐसी अटकलें हैं कि मिस्बाह को यह काम दिया जा सकता है। पीसीबी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक जकीर खान ने कहा, पाकिस्तान के सबसे सफल कप्तान मिस्बाह उल हक इन दिनों में हर प्रारूप की जरूरतों को समझते हैं। टेस्ट चैम्पियनशिप की शुरुआत के कारण पीसीबी चाहती है कि पाकिस्तान दो मैचों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका के सामने अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम के साथ उतरे।

# अलीबाबा का राजस्व बढ़कर 16.7 अरब डॉलर, ग्राहक आधार 67.4 करोड़

**बीजिंग।** अपने ग्राहक आधार को 67.4 करोड़ सालाना सक्रिय ग्राहक तक बढ़ाने के साथ ही चीन की ई-कॉमर्स दिग्गज अलीबाबा ने शुक्रवार को 16.7 अरब डॉलर राजस्व प्राप्त करने की घोषणा की है, जो साल-दर-साल आधार पर 42 फीसदी की बढ़ोतरी है। साथ ही 30 जून को समाप्त हुई तिमाही में कंपनी का मुनाफा 2.7 अरब डॉलर रहा है।

कंपनी के चीन के रिटेल मार्केटप्लेस के सालाना सक्रिय ग्राहकों की संख्या बढ़कर 67.4 करोड़ हो गई है, जो 31 मार्च तक पिछले 12 महीनों की अवधि में 2 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। जबकि चीन के रिटेल मार्केटप्लेस में मोबाइल मासिक सक्रिय यूजर्स की संख्या बढ़कर 75.5 करोड़ हो गई है, जिसमें मार्च 2019 तक 3.4 करोड़ की वृद्धि हुई है।

अलीबाबा समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेनियल झांग ने एक बयान में कहा, हम अपने ग्राहक आधार का विस्तार जारी रखेंगे, परिचालन दक्षता में बढ़ोतरी करेंगे और हमारे मुख्य वाणिज्य व्यवसाय से नकदी के मजबूत प्रवाह के साथ मजबूत वृद्धि दर प्रदान करना जारी रखेंगे। हम प्रौद्योगिकी में निवेश करना जारी रखेंगे और दुनिया भर के लाखों व्यवसायों में डिजिटल बदलाव लाएंगे। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी सालाना सक्रिय ग्राहकों में 70 फीसदी से अधिक वृद्धि कम विकसित क्षेत्रों से हुई है।

# शुरुआती कारोबार में 20 पैसे लुढ़का रुपया

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों की सतर्क शुरुआत और कच्चे तेलों में तेजी के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 20 पैसे लुढ़ककर 71.47 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बुधवार को रुपया 71.27 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार बंद रहा था। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजारों के नरमी में खुलने, कच्चा तेल में तेजी आने तथा अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव रहा है।

## आज का राशिफल

मेषः- शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, ट्रांसफर की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः- किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा।

कर्कः- आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

सिंहः- कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मसलों में सोच समझकर किए गए निवेश अत्यधिक फायदा दे सकते हैं।

कन्याः- आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयमित सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर कुछ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिकः- माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाए तो बड़ा लाभ की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

मकरः- आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः- आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के बहुत सारे अवसर आपको मिलते रहेंगे।

# तवा पिज्जा बनाने की विधि...



### सामग्री-

मैदा- 2 कप,ओलिव ऑयल- 2 स्पून, इन्सटेंट ईस्ट- 1 छोटा चम्मच, चीनी - 1 छोटा चम्मच, नमक- स्वादानुसार

### विधि-

एक पैन में मैदा लें और उसमें इन्सटेंट ईस्ट, ओलिव ऑयल, नमक और चीनी डालकर मिलाएं और गुनगुने पानी की मदद से गूंदे जैसे आप रोटी के लिए करते हें और उसे मसल-मसल कर चिकना होने तक गूंदे। फिर उसे 2 घंटे के लिए तेल लगाकर किसी प्याले में रख दें, इतनी देर में आटा फूल कर पिज्जा बेस के लिए तैयार हो जाएगा। अब पिज्जा के लिए टॉपिंग तैयार करें- शिमला मिर्च को लंबा-लंबा काट लें और बेबी कॉर्न को गोलाइ में काट लें और फिर सब्जियां तवे पर डाल कर थोड़ी नरम कर लें।अब पिज्जा के लिए बेस तैयार करेंगे- आटा तोड़कर लोई बनाएं और सूखे मैदे की मदद से 10-12 इंच के साइज में बेल लें। अब नॉनस्टिक पैन गरम होने के लिए रख दें और उस पर थोड़ा ऑयल लगाकर पिज्जा बेस को ब्राउन होने तक धीमी आंच पर सेकें।सेकने के बाद पिज्जा के ऊपर टॉपिंग करें, सबसे पहले पिज्जा पर सॉस की पतली लेयर लगाएं और फिर सब्जियां ड़ाल दें फिर एक मोजेरेला चीज़ की लेयर बिछा दें।पिज्जा को 5-6 मिनट के लिए धीमी गैस पर ढंक कर रख दें। पिज्जा बेस को ब्राउन होने तक और चीज़ मैल्ट होने तक पिज्जा को सिकने दें। अब हेल्दी और टेस्टी पिज्जा तैयार हैं, गरमा गरम पिज्जा को सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 57

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 56 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| बा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू- 57

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 56 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |